आकाशवाणी शिमला

11.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री – सामाजिक सुरक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कल्याण केन्द्रित विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता जताई। इससे विभिन्न जन–हितैषी योजनाएं प्रत्येक नागरिकों तक पहुंचेंगी। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64 दशमलव 3 प्रतिशत हो गया है। श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा साझा की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नरेन्द्र मोदी ने इन पहलों की प्रभावशीलता और पहुंच में सराहनीय वृद्धि की प्रशंसा की।

विक्रमादित्य सिंह

पूर्व मुख्यमंत्री व आधुनिक हिमाचल के निर्माता स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का 23 जून को शिमला के रिज मैदान पर स्थित दौलत सिंह पार्क में अनावरण किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ये एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम है और इसमें मुख्यमंत्री, कांग्रेस के केन्द्रीय नेताओं और विपक्ष के नेताओं को निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने प्रदेश वासियों से आग्रह किया है कि वे 23 जून को रिज मैदान पर पहुंच कर हिमाचल के विकास के लिए नया प्रण लें। स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

त्रिलोक जम्वाल

भाजपा नेता व बिलासपुर से विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा है कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण के लिए अद्वितीय काम किया है। जम्वाल ने आज बिलासपुर में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि ये 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए जाने जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश एक नई उम्मीद के साथ आगे बढ़ा। जम्वाल ने कहा कि इन 11 वर्षों में देश ने फोरलेन, एन.एच, फाईव जी नेटवर्क, हवाई अड्डों और मैडिकल कॉलेजों का जाल बिछाया है। यही नहीं इस दौरान मोदी सरकार ने नौकरी पेशा लोगों को राहत देते हुए 12 लाख रूपए तक की आय को कर मुक्त कर दिया है।

जनकराज

पांगी व भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि इस विधानसभा क्षेत्र में संचालित विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं के तहत अब तक लाडा और सीएसआर मद में किए गए विकास कार्यों का विशेष ऑडिट करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विधानसभा की लोक लेखा समिति ने आदेश जारी किए हैं। डॉक्टर जनकराज ने कहा कि इस ऑडिट से अब भरमौर के हक का पैसा सिर्फ इसी विधानसभा क्षेत्र में खर्च होगा। उन्होंने कहा कि इस फैसले से स्थानीय जनता के साथ होने वाला अन्याय खत्म होगा।

जलपात्र अभियान

स्वयंसेवी संस्था स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट ने आज हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में पक्षियों और बेसहारा पशुओं को तेज धूप और गर्मी से बचने के लिए जलपात्र अभियान चलाया। संस्था के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में 23 स्थानों पर जलपात्र रखे गए ताकि पशु–पक्षी पानी पी सके। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में जलपात्र रखने के लिए आगे आएं ताकि गर्मी से किसी भी पशु या पक्षी की जान न जाये।

## संगोष्ठी

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में छात्र प्रवास के पैटर्न और भारत में उच्च शिक्षा पर उसके प्रभाव विषय पर आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी आज सम्पन्न हो गई। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं ने हिस्सा लिया। संस्थान के प्रवक्ता ने कहा कि संगोष्ठी में इस बात पर ध्यान केन्द्रित किया गया कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में छात्र प्रवासन सिर्फ शैक्षणिक नहीं बल्कि सामाजिक, आर्थिक पुनर्सरचना का माध्यम बन चुका है जिसकी समझ और नीति निर्माण में समावेश अत्यंत आवश्यक है।

## कांउसलिंग

तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए कांउसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने बी.टैक, बी.फार्मेसी, एम.टेक, एम.बी.ए, एम.सी.ए, बी.आर्क और अन्य विषयों की कांउसलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन मांगे हैं। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि पात्र अभ्यार्थी 30 जून तक कांउसलिंग का ऑनलाईन फार्म भर सकते हैं। प्रवक्ता ने कहा कि सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधी जानकारी तकनीकी विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिन अभ्यार्थियों ने तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा दी है उन्हें भी कांउसलिंग के लिए ऑनलाईन आवेदन करना होगा।

---